Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 30-04-2007

Participants : Patle Shri Shishupal Natthu

Title: Need to provide adequate wages and other social security benefits to Beedi workers of Bhandara and Gondia districts in Maharashtra.

श्री शिशुपाल एन पटले (भन्डारा) : महोदय, महाराट्र के विदर्भ क्षेत्र में भण्डारा एवं गोंदिया जिले में बड़ी बनाने का कार्य बड़े पैमाने पर किया जाता है। अभी वर्तमान में 2 लाख मजदूर इस क्षेत्र में बीड़ी का काम कर रहे हैं, जिनमें केवल 10,000 बीड़ी मजदूरों का कार्ड बनाया गया है जबकि 2 लाख मजदूरों से बीड़ी बनाने का कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण इन मजदूरों का पी.एफ. नहीं काटा जा रहा है तथा स्वास्थ्य सुविधा तथा इनके बच्चों को स्कूल से स्कालरशिप एवं पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। इतना ही नहीं इन्हें 1000 बीड़ी बनाने का 19 रूपये मात्र दिये जा रहे हैं जबकि 59 रूपये दिये जाने चाहिए। इस तरह से इन मजदूरों का शोाण किया जा रहा है। इस मामले की शीघ्र जांच कर कंपनी मालिकों द्वारा किये जा रहे शोाण को रोका जाये।